# ऊर्जा संसाधनों की वैश्विक उपलब्धता पर्याप्त

## भू-राजनीतिक तनाव के बीच ऊर्जा सुरक्षा पर जोर : हरदीप सिंह पुरी



**नई दिल्ली, 15 जुलाई. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि चल रहे भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, जो पारंपरिक रूप से कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित करते हैं, वैश्विक स्तर पर पर्याप्त ऊर्जा संसाधन उपलब्ध हैं.**

काउंसिल फॉर सोशल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा पर एक राष्ट्रीय सेमिनार के इतर पुरी ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताओं को संबोधित किया.

पुरी ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों पर कई चीजें असर डालती हैं. लोग कहते हैं कि अगर कहीं सैन्य संघर्ष होता है, तो इसका असर होगा, लेकिन कई सैन्य संघर्ष हैं, और कीमतें अभी भी 65 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच हैं. उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि दुनिया में पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध है.

मंत्री ने वैश्विक ऊर्जा मंचों में भारत की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से देश की पहली बार ओपेक सेमिनार में भागीदारी का उल्लेख किया. उन्होंने समझाया, यह मूल रूप से ओपेक देशों की बैठक है. यह देखते हुए कि हम अब दुनिया में कच्चे तेल के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक हैं, हमारा वहां होना समझ में आता है.

पुरी ने हाल ही में ऑस्ट्रिया, आइसलैंड और नॉर्वे का एक सफल दौरा पूरा किया, जिसका ध्यान ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने और इस क्षेत्र में नए अवसरों की तलाश पर था. आइसलैंड यात्रा के दौरान, पुरी ने भू-तापीय ऊर्जा सहयोग की क्षमता पर जोर दिया. उन्होंने कहा, आइसलैंड भू-तापीय ऊर्जा में बहुत मजबूत है, और हमारे उनके साथ चल रहे सहयोग हैं. वहां निजी क्षेत्र से बात करने का फायदा भविष्य के काम की पहचान करना है जो किया जा सकता है. मंत्री ने भारत के ऊर्जा पोर्टफोलियो में भू-तापीय ऊर्जा को शामिल करने में अपनी व्यक्तिगत रुचि व्यक्त की, विशेष रूप से इंडिया एनर्जी वीक प्लेटफॉर्म के माध्यम से.

> मंत्री ने घरेलू अन्वेषण प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति की सूचना दी, ओएनजीसी ने 500 से अधिक कुएं खोदे हैं, जो 37 वर्षों में सबसे अधिक संख्या है. उन्होंने अन्वेषण में शामिल पर्याप्त लागतों को स्वीकार किया, जिसमें गुयाना का उदाहरण दिया गया जहां एक सफल खोज से पहले 47 कुएं 100 मिलियन डॉलर प्रत्येक पर खोदे गए थे. पुरी ने कहा, हम और कुएं खोद रहे हैं. मैं आपको केवल उन 18 कुओं की रिपोर्ट कर रहा हूं, जिन पर, हमारे कानून के तहत, यदि कोई व्यक्ति जो अन्वेषण और उत्पादन कर रहा है, उसे कुछ तेल मिलता है, तो उसे हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय को रिपोर्ट करना होगा, ऊर्जा अन्वेषण गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे पर जोर देते हुए.

## अमेरिकी शुल्क से वैश्विक आर्थिक विकास धीमा

**नई दिल्ली, 15 जुलाई.** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण विश्व अर्थव्यवस्था मंदी या धीमी गति में आ गई है. उपभोक्ता और फर्में पहले से ही सावधानी से खर्च कर रहे हैं, जिसका आकलन अभी तक आर्थिक थिंक टैंक या नीति संस्थानों द्वारा नहीं किया गया है. रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट आने की उम्मीद है, और बीमा उद्योग भी इसी प्रवृत्ति का पालन करेगा. स्विस री लिमिटेड ज्यूरिख स्थित एक कंपनी है जो मुख्य रूप से वैश्विक बीमा उद्योग पर केंद्रित है और स्ढ्ङ्ग स्विस एक्सचेंज पर सूचीबद्ध है. स्विस री ग्रुप के मुख्य अर्थशास्त्री जेरोम जीन हेगेली ने कहा कि बीमाकर्ताओं की लाभप्रदता के लिए भविष्य की संभावनाएं अभी भी सकारात्मक हैं.



# टेस्ला ने भारत में मारी एंट्री

**मुंबई में पहला शोरूम, 60 लाख से कीमत शुरू**

**मॉडल वाई की डिलीवरी 2025 में**

**मुंबई, 15 जुलाई. इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला शोरूम खोलकर भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से कदम रख दिया है.**

4,000 वर्ग फुट का यह एक्सपीरियंस सेंटर भारत के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अमेरिकी ऑटोमेकर की शुरुआत का प्रतीक है. कंपनी ने चीन से आयातित मॉडल वाई एसयूवी को अपनी पहली पेशकश के रूप में पेश किया है, जिसकी शुरुआती कीमत लगभग 60 लाख रुपये है.

**मॉडल वाई- कीमत और विशेषताएं**–टेस्ला मॉडल वाई देश में उपलब्ध एकमात्र मॉडल होगा. इसे दो वेरिएंट में पेश किया जाएगा- रियर-व्हील ड्राइव, जिसकी कीमत 60 लाख रुपये, और लॉन्ग रेंज रियर-व्हील ड्राइव, जिसकी कीमत 68 लाख रुपये है. ग्राहक टेस्ला के फुल सेल्फ-ड्राइविंग पैकेज का विकल्प भी चुन सकते हैं, जिसके लिए मूल कीमतों पर 6 लाख रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा. मॉडल वाई छह रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा, जिनमें से स्टील्थ ग्रे एकमात्र ऐसा रंग है जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं है. अन्य रंगों के लिए अतिरिक्त लागत चुकानी होगी. इंटीरियर विकल्पों में सफेद और काले रंग की थीम शामिल हैं, और वाहन में पांच सीटों का विन्यास होगा.

**वितरण और पंजीकरण**–टेस्ला के आधिकारिक पोर्टल पर सूचीबद्ध जानकारी के अनुसार, वर्तमान में डिलीवरी और पंजीकरण मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उपलब्ध हैं. कीमत राज्य और लागू स्थानीय करों के आधार पर भिन्न हो सकती है. टेस्ला मॉडल वाई की डिलीवरी Qx 2025 में शुरू होने की उम्मीद है.

### सरकारी स्वागत और भविष्य की संभावनाएं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया. उन्होंने टेस्ला के आगमन को मुंबई की नवाचार और स्थिरता केंद्र के रूप में स्थिति की पुष्टि बताया और कहा कि यह महाराष्ट्र में वित्तीय और उद्यमशील राजधानी के रूप में विश्वास को दर्शाता है. फडणवीस ने टेस्ला को महाराष्ट्र में विनिर्माण और अनुसंधान सुविधाएं स्थापित करने के लिए आधिकारिक निमंत्रण भी दिया.

# ग़ैर-मेट्रो शहर बने नए रोजगार हब : रिपोर्ट



**नई दिल्ली, 15 जुलाई. भारत के गैर-मेट्रो शहरों में रोजगार और आर्थिक अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. लिंक्डइन की सिटीज ऑन द राइज रिपोर्ट के अनुसार, विशाखापत्तनम, रांची, विजयवाड़ा, नासिक और रायपुर सबसे तेजी से बढ़ते गैर-मेट्रो केंद्र हैं.**

राजकोट, आगरा, मदुरै, वडोदरा और जोधपुर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहर भी पेशेवरों के लिए आकर्षक विकल्प बन रहे हैं.

**आर्थिक परिवर्तन के केंद्र में छोटे शहर**– लिंक्डइन इंडिया की संपादकीय प्रमुख निराजिता बनर्जी ने बताया कि टियर-2 और टियर-3 शहर भारत के आर्थिक परिवर्तन के केंद्र में हैं. जीसीसी निवेश, स्थानीय एमएसएमई में उछाल और सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण से ये शहर महत्वपूर्ण करियर हब बन रहे हैं. अब भारतीयों को सार्थक करियर प्रगति के लिए बड़े शहरों में जाना अनिवार्य नहीं है, क्योंकि ये 10 उभरते शहर विभिन्न उद्योगों और भूमिकाओं में वास्तविक अवसर प्रदान कर रहे हैं.

## वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली

**मुंबई, 15 जुलाई (वार्ता)** विदेशों में शेयर बाजारों में मजबूती का असर मंगलवार को घरेलू बाजार पर भी देखा गया. लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 113.50 अंक (0.45 प्रतिशत) की बढ़त में 25,195.80 अंक पर पहुंच गया.

बाजार में चौतरफा लिवाली रही. सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों में तेजी रही, जबकि आठ में गिरावट देखी गयी. सनफार्मा के शेयर सबसे ज्यादा 2.71 फीसदी चढ़े. एचसीएल टेक में 3.31 प्रतिशत की गिरावट रही. बाजार की तेजी में रुपये में जारी बढ़त का भी योगदान रहा.

# इंडिगो का जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता

**सिंगापुर, बैंकॉक, फुकेट के जरिए नई कनेक्टिविटी**

**एक ही टिकट और एक बार चेक-इन की सुविधा**




**नयी दिल्ली, 15 जुलाई (वार्ता). देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक अपने उपभोक्ताओं को आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया की किफायती एयरलाइंस जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता किया है.**

इंडिगो ने मंगलवार को बताया कि उसके ग्राहक अब सिंगापुर, बैंकॉक और फुकेट के रास्ते ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के लिए टिकट बुक करा सकते हैं. इसके लिए बुकिंग 21 जुलाई से शुरू होगी जो 01 सितंबर या उससे आगे की यात्रा के लिए उपलब्ध होगी.इस समझौते के तहत यात्री इंडिगो की वेबसाइट पर दोनों नेटवर्कों के लिए एक ही टिकट बुक कराकर यात्रा कर सकते हैं. उन्हें एक बार ही चेकइन भी करना होगा. हालांकि इस समझौते को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है. जेटस्टार की सीईओ स्टेफनी टुली ने कहा कि दोनों एयरलाइंस के बीच इस साझेदारी से भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी.

> इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (नेटवर्क नियोजन और राजस्व प्रबंधन) अभिजीत दासगुप्ता ने कहा कि जेटस्टार के साथ इस कोडशेयर समझौते से कारोबार, व्यापार और पर्यटन से संबंधित यात्रा को और मजबूती मिलेगी और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा.

# भारतीय पेय ब्रांड कैंपा ने नेपाल में रखी दस्तक




**काठमांडू, 15 जुलाई. रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी में नेपाल में अपने भारतीय पेय ब्रांड कैंपा को लॉन्च कर दिया है.**

यह कदम कैंपा की भारतीय शीतल पेय बाजार में मजबूत वापसी के दो साल के भीतर उठाया गया है, जहाँ इसने अपनी पहचान बनाई है. जीसीसी देशों जैसे यूएई, ओमान, कतर और बहरीन में लॉन्च के बाद, कंपनी ने अब नेपाल के बाजार में भी प्रवेश किया है. रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, केतन मोदी ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम अपने सहयोगी चौधरी ग्रुप के साथ मिलकर नेपाल के बाजार में कैंपा के साथ प्रवेश कर बेहद उत्साहित हैं. कैंपा 50 साल पुराना भारतीय ब्रांड है, जिसे आज भी उपभोक्ताओं का प्यार मिल रहा है.

# केसीआर की बेटी कविता की राजनीति में बढ़ी सक्रियता

**हैदराबाद.** तेलंगाना के नंबर एक परिवार यानी के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह सतह पर आ गई है. उनकी बेटी के कविता खुल कर स्वतंत्र रूप से राजनीति करने लगी हैं और उधर पार्टी के अंदर केसीआर का उत्तराधिकार उनके बेटे केटी रामाराव को सौंपने की तैयारी चल रही है. इसके बीच कविता अपने को पिता के उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित करने के अभियान में लगी हैं. उन्होंने 17 जुलाई को रेल रोको आंदोलन का ऐलान किया है. इसको लेकर उन्होंने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और ऐलान किया कि 17 जुलाई के दक्कन से एक भी ट्रेन दिल्ली के नहीं रवाना होगी और न दिल्ली की ट्रेन वहां पहुंचने दी जाएगी. उन्होंने यह अभियान पिछड़ी जातियों की आरक्षण सीमा बढ़ाने के लिए शुरू किया है. असल में तेलंगाना की पिछली सरकार ने पिछड़ी जातियों का आरक्षण 42 फीसदी करने का बिल विधानसभा से पास करके राज्यपाल के पास भेजा था, जिसे अभी तक मंजूरी नहीं मिली है. कविता इसके लिए आंदोलन करेंगी.

## ठाकरे बंधुओं की एकता का ओवरकॉन्फिडेंस!

**मुंबई.** वर्ली में विजय रैली के बाद ये कयास लगाए जा रहे है कि स्थानीय निकाय चुनाव के लिए ठाकरे बंधु एक साथ आएंगे. राज्य में ऐसी अटकलें तेज है कि निकाय चुनाव में उद्धव की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक साथ आकर महायुति को टक्कर देगी.

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-SEAT-BERTH-25-14**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम: स्ट्रीपिंग, ट्रांसपोर्टेशन, रिपेयर एंड फिटमेंट ऑफ डिफरेंट टाईप ऑफ सीट/बर्थ्स/चेयर्स एंड पीवीसी ऑफ रेल्वे बीजी कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। कार्य की लागत:** ₹ 2,37,36,520.89. **निविदा फार्म का मूल्य:** 0.00. **धरोहर राशि:** ₹ 2,68,700/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह। **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 21.07.2025/ 04.08.2025 को 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय:** 04.08.2025, 15.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारुप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

*मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.*

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# खराब डीपीआर पर होगी सख्त कार्रवाई : गडकरी

**परियोजना रिपोर्ट तैयार करने वालों की होगी रेटिंग**

**नियमों की अनदेखी करने वालों को मिलेगा दंड**



**नयी दिल्ली, 15 जुलाई. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार उन सलाहकारों को दंडित करेगी जो राजमार्गों और सुरंगों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने में उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते हैं.**

डीपीआर, सड़क निर्माण परियोजना के लिए एक व्यापक खाका होता है. इसमें इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सभी तकनीकी, वित्तीय और लॉजिस्टिक्स विवरण का उल्लेख होता है.गडकरी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा,भारत में सलाहकार कंपनियों द्वारा तैयार डीपीआर की गुणवत्ता अच्छी नहीं है. इसके अलावा, ठेकेदार भी अच्छा काम नहीं कर रहे हैं.सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा,हमने डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकारों को 'रेटिंग' देना शुरू कर दिया हैज जो लोग अच्छी डीपीआर बना रहे हैं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और जो उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं उन्हें दंडित किया जाएगा.'

गडकरी ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष के सामाजिक-आर्थिक ऑडिट की आवश्यकता पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि सीएसआर कोष का इस्तेमाल देश के आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद के लिए किया जाना चाहिए.

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पैन कार्ड मैं मेरा नाम नम्रता नागर एवं मेरे पिता का नाम अनिल कुमार नागर है। मेरे अंकसूचि क्र 10 हाईस्कूल वर्ष 2023 स.क्र 633076 मैं एवं कक्षा 12 हायर सेकेंडरी वर्ष 2025 स क्र 328164 जिसमे मेरे पिता जी का नाम अनिल नागर अंग्रेजी मैं ANIL NAGAR अंकित है।

यह की मेरे पिता का वास्तविक नाम अनिल कुमार नागर है (ANIL KUMAR NAGAR) है और मेरा पता निवास दूबड़ी फन्दा भोपाल म प्र है। मेरा सही और वास्तविक नाम नम्रता नागर (NAMRATA NAGAR) पुत्री अनिल कुमार नागर (ANIL KUMAR NAGAR) है भविष्य मैं उक्त नाम से ही जानी व पहचानी जाउंगी यदि किसी व्यक्ति / संस्था / सोसाइटी को मेरे नाम के सम्बन्ध मैं कोई आपत्ति है तो वह पासपोर्ट कार्यालय डी बी माल के अंदर एम.पी. नगर भोपाल मैं दिनांक 15.07.2025 से 18.07.2025 तक पासपोर्ट कार्यालय डीबी माल के अंदर एम.पी. नगर भोपाल के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं तदानुसार सूचित है

**नाम परिवर्तन सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं सुदील कुमार देशमुख पूर्व में मेरी दोनों पुत्रियों के नाम महिमा एवं चित्रांशी था जिसे बदलकर महिमा देशमुख एवं चित्रांशी देशमुख कर दिया है। अब भविष्य में मेरी दोनों पुत्रियों को महिमा देशमुख पिता सुदील कुमार देशमुख एवं चित्रांशी देशमुख पिता सुदील कुमार देशमुख, निवासी : एल.आई जी–136, राजीव नगर, ए–सेक्टर, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल (म.प्र.) के नाम से जाना पहचाना जाएं।**

## बहुजन राजनीति की जमीन पर नई सियासी बिसात

**पटना.** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र बिहार के कैमूर जिले में स्थित है, जिसका राजनीतिक इतिहास सामाजिक न्याय, दलित आंदोलन और जातीय समीकरणों से गहराई से जुड़ा रहा है. यहां बहुजन राजनीति का असर लंबे समय से देखा गया है. रामगढ़ में कांग्रेस, आरजेडी, जेडीयू, एलजेपी और भाजपा जैसे प्रमुख दलों ने समय-समय पर सत्ता हासिल की है.

**LOST & FOUND**

I Pratima Toppo hereby declare that my Registration Certificate No. V-11458 Dt. 16.01.2012 (General Nursing-Midwifery) have been lost by me hence request the Registrar, Madhya Pradesh Nurses Registration Council Bhopal to issue me duplicate copies of those certificate.

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**

(Government of M.P.Undertaking)

Office of Dy. General Manager (Civil), A-1, Chambal Colony, Govindpura, Bhopal

Office Phone : 0755-2678206, E-Mail : gmcivil.mkvvcl@gmail.com

No. 50/DGM(C)/BPL/PUR/1708-09 Bhopal, Dated : 15.07.2025

**E-Tender No. 2025_MKVVC_437353_1 (OFFER FOR HIRING VEHICLE)**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following **locations for 03 year.**

| Name of Unit/Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Manager (Civil) Division Itarsi. | Hiring of one No. vehicle Type B, Jeeps and MUV : or equivalent (AC Model)- (BS6) for Civil Division Itarsi. | 28.07.2025 Up to 15:00 Hrs. | 29.07.2025 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/121108/2025 **DY. GENERAL MANAGER (CIVIL)**

See Regulation 15(1 )(d)

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR (MP)**

2nd & 3rd Floor, BSNL Building, Near Head Post Office, Civil Lines, Jabalpur (M.P.)

(Areas of Jurisdiction - Madhya Pradesh & Chhattisgarh)

**NOTICE UNDER SECTION 17 OF SECURISATION ACT R/W PROVISIONS OF DEBTS RECOVERY TRIBUNAL ACT AND THE DEBTS RECOVERY (PROCEDURE) RULES, 1993 AS AMENDED FROM TIME TO TIME**

Diary No.______ /2025 Case No. S.A.-C13 /2025

DR.FAHEEM DAD KHAN ... APPLICANTS

Versus

VARTHANA FINANCE PRIVATE LIMITED ...RESPONDENTS

To,

**VARTHANA FINANCE PRIVATE LIMITED**

THIRUMENI FINANCE PRIVATE, THROUGH ITS AUTHORIZED OFFICER, VARSIDDHI, 3rd FLOOR, 5BC 110 SERVICE ROAD, 3rd BLOCK, HRBR LAYOUT, BANGALORE.

ALSO AT:- **VARTHANA FINANCE PRIVATE LIMITED,**

2nd FLOOR, PLOT NO.5, CITY CENTER, NEAR DIVYA STELL, MP, BHOPAL (M.P.)

**An application under 17(1) of Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 has been filed before this Tribunal, a copy whereof is enclosed herewith.**

Show cause as to why the relief prayed for should not be granted You are required to file reply, if any, in your defense in the paper book form in two complete sets and produce all the documents and affidavit in support in the Tribunal personally or through your duly authorized agent or legal/ practitioner and appear before this Tribunal on **21/08/2025** at 10.30 AM failing which the application shall be decided in your absence. You are further directed to supply advance copy of the reply to the SA to the counsel for the Applicants.

**Given under my hand and the seal of the Tribunal, this 14th day July month of 2025.**

SEAL

Registrar, Debts Recovery Tribunal Jabalpur, (MP).

**LOST & FOUND**

I Pratima Toppo hereby declare that my Registration Certificate No. V-11458 Dt. 16.01.2012 (General Nursing-Midwifery) have been lost by me hence request the Registrar, Madhya Pradesh Nurses Registration Council Bhopal to issue me duplicate copies of those certificate.

**नाम संशोधन सूचना**

**मैं, मनमोहन सोनी, निवासी ए-20 कौशल नगर, नर्मदापुरम रोड, मिसरोद, भोपाल, राज्य मध्य प्रदेश, पिनकोड 462026, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम अनुराधा सोनी गलत दर्ज हुआ था। मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा सोनी है। आधार कार्ड में भी अरुणा सोनी दर्ज है**

## त्योहारी सीजन में बढ़ेगी वाहन बिक्री

नई दिल्ली. सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटो मोबाइल मैन्यु फैक्चरर्स की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, आगामी त्योहारी सीजन और सामान्य से अधिक मानसून से ग्रामीण आय में सुधार के चलते यात्री वाहन और दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि की उम्मीद है. RBI की रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती से उधार लेने की लागत कम होगी, जिससे वहनीयता और उपभोक्ता भावना मजबूत होगी. हालांकि, दुर्लभ पृथ्वी मैग्नेट के लिए चीन की निर्यात लाइसेंसिंग आवश्यकता जैसी आपूर्ति-पक्ष की चुनौतियां बनी हुई हैं.

**कार्यालय नगर परिषद्, लटेरी, जिला विदिशा म.प्र.**

**ई-मेल:** cmolateri@mpurban.gov.in

**क्रमांक/1117, 1118/ई-टेंडरिंग/2025** **लटेरी, दिनांक 11/7/2025**

**प्रथम ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| एनआईटी क्रमांक | ऑनलाइन निविदा क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1117 | 2025_UAD_437082_1 Date 15/7/2025 | नया बस स्टैंड से डॉक्टर दौराना के घर तक एवं शमशाबाद रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य. | 04 माह वर्षाकाल सहित लागत 18.14 लाख | 2000.00 ईएमडी 13670.00 | 19/8/2025 06 बजे |
| 1118 | 2025_UAD_437081_1 Date 15/7/2025 | बिजली घर से तालाब हनुमान मंदिर तक सी.सी. रोड एवं डिवाइडर निर्माण कार्य. | 06 माह लागत 95.89 लाख | 10000.00 ईएमडी 71920.00 | 19/8/2025 06 बजे |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा.

**(शैलेष संजय भंडारी)** अध्यक्ष नगर परिषद् लटेरी

**(मिथलेश कुमार दीक्षित)** उपयंत्री नगर परिषद् लटेरी

**(रणवीर सिंह राजपूत)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् लटेरी